## खबर संक्षेप

### लाखों का ऑनलाइन फ्रॉड: राजस्थान पुलिस ने मैहर से दो संदिग्धों को पकड़ा

**मैहर।** राजस्थान के बारां जिले में हुए लाखों रुपये के साइबर फ्रॉड के मामले में राजस्थान पुलिस की टीम ने मैहर से दो युवकों को हिरासत में लिया है। जांच के दौरान मैहर के डेल्हा निवासी श्रीकांत लखेरा और राजन लखेरा के बैंक खातों में 18 लाख से अधिक का संदिग्ध लेन-देन पाया गया था। राजस्थान पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर दोनों को पकड़ा। कई घंटों की पूछताछ के बाद मोबाइल,बैंक पासबुक और दस्तावेज जब्त कर पुलिस उन्हें अपने साथ राजस्थान ले गई। इनमें से श्रीकांत गांव में ऑनलाइन सेंटर चलाता है और राजन ड्राइवर है।

### अमरपाटन में करंट की चपेट में आने से खेत गए युवक की मौत

**मैहर।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम छेरहा में एक दुखद हादसा हुआ। 43 वर्षीय अजय पटेल अपने खेत में घुसे आवारा पशुओं को भगाने गए थे। इसी दौरान खेत में लगे बिजली के खंभे के सपोर्ट वायर(लोहे के तार) में उतरे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल अमरपाटन ले गए,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची अमरपाटन पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत विशाल जागरूकता रैली

**मैहर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मैहर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। अलाउद्दीन स्टेडियम से शुरू हुई यह रैली विभिन्न चौराहों से गुजरकर वापस स्टेडियम में समाप्त हुई। इसमें संदीपनी,मिनीलैंड और विवेकानंद स्कूलों के बच्चों,शिक्षकों,आधार संस्था,एनसीसी,शौर्य दल और स्व-सहायता समूहों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अवधेश प्रताप सिंह ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### सिंगरहा समाज के सिंघाड़ा किसानों को मिलेगा मुआवजा

**मैहर।** अपनी नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग कर रहे सिंगरहा समाज के सिंघाड़ा उत्पादक किसानों को मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के प्रयासों से बड़ी राहत मिली है। विधायक द्वारा विधानसभा और शासन स्तर पर लगातार की गई पैरवी के बाद,राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के सहयोग से इन किसानों को आरबीसी 6(4) के तहत मुआवजा स्वीकृत किया गया है।इस सफलता पर सिंगरहा समाज के लोगों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर श्रीकांत चतुर्वेदी का फूल-माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर आभार जताया। विधायक ने कहा कि जनसेवा ही उनका संकल्प है और किसानों का हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कांग्रेस की 'युवा स्वाभिमान यात्रा': शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर भोपाल में साइकिल रैली

**मैहर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में भोपाल में आयोजित 'युवा स्वाभिमान यात्रा' (साइकिल रैली) में मैहर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस रैली में कांग्रेस के कई राष्ट्रीय और प्रांतीय दिग्गज नेता शामिल हुए। यात्रा के दौरान प्रभात द्विवेदी ने युवाओं की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है।

### संदीपनी स्कूल में बिजली-पानी ठप,भीषण गर्मी में बच्चे बेहाल

**मैहर।** शहर के बीचों-बीच करोड़ों की लागत से बने शासकीय संदीपनी विद्यालय की बदहाल व्यवस्था अब छात्रों की सेहत पर भारी पड़ रही है। स्कूल में बिजली और पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप है। उमस और भीषण गर्मी के कारण पंखे बंद पड़े हैं,जिससे कई मासूम बच्चों को चक्कर आने लगे हैं और उनकी तबीयत बिगड़ रही है। अभिभावकों का कहना है कि मूलभूत सुविधाओं के बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावे खोखले हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि यहां की व्यवस्थाएं तुरंत दुरुस्त की जाएं।

# स्कूली वाहनों पर कार्रवाई,'राहवीर योजना' के तहत घायलों की जान बचाने पर मिलेंगे 25 हजार

सतना/मैहर।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार मुहैया कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाई जा रही 'राहवीर योजना' को लेकर सतना और मैहर जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टरों के निर्देश पर सड़कों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।

### मैहर में स्कूली वाहनों की चेकिंग, वसूला 10,000 जुर्माना

परिवहन विभाग द्वारा मैहर क्षेत्र में स्कूली वाहनों और मालवाहकों (मालयानों) के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 05 वाहनों में कमियां (अनियमितताएं) पाए जाने पर उन पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही मैहर में भी 'राहबीर योजना' का प्रचार-प्रसार करते हुए जिला अस्पताल मैहर और कलेक्टर कार्यालय परिसर में जागरूकता बैनर स्थापित किए गए। आरटीओ रवि बरेलिया ने आम जनता से अपील की है कि सड़क दुर्घटना के समय भयमुक्त होकर घायलों की मदद करें।






### क्या है राहवीर योजना?

सड़क दुर्घटना के बाद का शुरुआती पहला घंटा (गोल्डन ऑवर) किसी भी घायल की जान बचाने के लिए सबसे संवेदनशील होता है। इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार (राहवीर) को शासन द्वारा 25,000 की प्रोत्साहन राशि और सम्मान दिया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित अस्पताल या पुलिस थाने से 'राहवीर योजना' का फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। मददगार द्वारा दी गई जानकारी सत्यापित होने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाता है,जिसके बाद पुरस्कार राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। जिला सतना में अब तक इस योजना के अंतर्गत 4 प्रकरण प्राप्त हो चुके हैं,जिनमें से 1 प्रकरण में सफलतापूर्वक भुगतान किया जा चुका है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के पालन में 'राहवीर योजना' के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सतना शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर लगवाए गए हैं, ताकि आमजन को इस कल्याणकारी योजना की जानकारी मिल सके।

# 'नशे से दूरी' अभियान का आगाज़: 15 दिनों तक चलेगा जागरूकता का महाअभियान



सतना।

युवाओं को नशे की गर्त से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से सतना पुलिस ने बुधवार से 15 दिवसीय 'नशे से दूरी' जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है। भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान का शुभारंभ पुलिस परेड ग्राउंड से एक विशाल जागरूकता रैली निकालकर किया गया। इस रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) गौरव पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रेमलाल कुर्वे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली परेड ग्राउंड से शुरू होकर कोठी तिराहा होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इसके माध्यम से आम लोगों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति सतना पुलिस ने जनता से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और इसे एक मजबूत जनआंदोलन बनाने की अपील की है।रैली में डीएसपी हेडक्वार्टर मनोज दीक्षित,डीएसपी रावेंद्र द्विवेदी,आरआई देविका सिंह बघेल,टीआई योगेंद्र सिंह,श्वेता मौर्या,यातायात प्रभारी पूनम रावत और साइबर अधिकारी अजीत सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जागरूक किया गया।

### वार्डों से लेकर स्कूलों तक होंगी प्रतियोगिताएं

अभियान के तहत अगले 15 दिनों तक जिले के वार्डों,गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# रेलवे वर्कशॉप में एडीएमई के खिलाफ कर्मचारियों का मोर्चा; मानसिक उत्पीड़न और पक्षपात का आरोप




सतना।

रेलवे के कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर विवाद गहरा गया है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन ने असिस्टेंट डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर अशोक चौरसिया पर मानसिक उत्पीड़न,पक्षपात और भेदभावपूर्ण कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके विरोध में बुधवार को वर्कशॉप परिसर में कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया और मंडल रेल प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन का आरोप है कि कर्मचारियों पर जानबूझकर दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें प्रतिद्वंद्वी यूनियन (मजदूर संघ) की सदस्यता लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसा न करने पर बिना ठोस कारण के चार्जशीट देने और सर्विस रिकॉर्ड खराब करने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों ने इस पूरे मामले की किसी स्वतंत्र और वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# नीलेश बने निरीक्षक, थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी और विजय सिंह परस्ते बने डीएसपी





सतना।

पुलिस विभाग में हाल ही में हुए प्रमोशन के बाद अधिकारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अलग-अलग थानों और क्षेत्रों में पदोन्नत हुए अधिकारियों को बधाई देने और सम्मानित करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। नीलेश तिवारी को पदोन्नति देकर निरीक्षक बनाया गया है। इस खास मौके पर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उनके कंधे पर नए सितारे लगाए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूरी निष्ठा से कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर,कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने में अहम भूमिका निभाने वाले कोतवाली के कोतवाल रावेंद्र द्विवेदी को विभाग द्वारा पुलिस उपअधीक्षक के पद पर प्रमोट किया गया है। उनकी इस सफलता पर विभाग के उच्च अधिकारियों और सहकर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



### डीएसपी बनने पर विजय सिंह परस्ते का अनूठा सम्मान

निरीक्षक से पुलिस उपअधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते को बधाई देने के लिए युवाओं का तांता लगा रहा। इस गरिमामयी अवसर पर क्षेत्र के युवाओं ने एक बेहद सराहनीय पहल की।

# जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर निकाली भव्य जागरूकता रैली, यात्रियों व छात्रों को दिलाई शपथ

सतना।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश और पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के आदेशानुसार,आज से प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का आगाज हो गया है। इसके तहत राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) चौकी सतना द्वारा रेलवे स्टेशन पर एक वृहद एवं भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रभावी आयोजन जीआरपी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश राज के नेतृत्व में संपन्न हुआ,जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं,विद्यार्थियों और रेल यात्रियों को नशे के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था।




### स्टेशन परिसर में गूंजे नारे,पुलिस ने दिलाई शपथ

जीआरपी के अधिकारियों और जवानों ने हाथों में नशामुक्ति के संदेशों वाले बैनर,तख्तियां और पंपलेट लेकर पूरे सतना रेलवे स्टेशन परिसर तथा प्लेटफॉर्मों पर जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान पुलिस बल ने यात्रियों और छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक,मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में समझाया। अभियान के पहले दिन सैकड़ों यात्रियों,रेल कर्मचारियों और छात्रों को जीवन में कभी भी नशा न करने की गंभीर शपथ दिलाई गई। इस पहल को सफल बनाने में चौकी प्रभारी राजेश राज के साथ सहायक उप निरीक्षक विनोद गौतम, प्रधान आरक्षक दयाल तिवारी, पद्माकर सिंह, आरक्षक सज्जन सिंह और प्रशांत पादव ने अत्यंत सक्रिय भूमिका निभाई।

# लखवार में केजेएस सीमेन्ट का चिकित्सा शिविर, डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीणों ने लिया चिकित्सा लाभ

**सतना।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर ने समीपस्थ गाँव लखवार में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर लगाया। लगभग 178 ग्रामीणों ने मंगलवार को आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया और कम्पनी की ओर से उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों का निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। केजेएस मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने बताया कि इस शिविर का मकसद ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल एवं उन्हें मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। उल्लेखनीय है कि लखवार,अमिलिया,परसोखा एवं गिरगिटा-यह सभी ग्राम अब मैहर शहर के वार्ड नंबर 23 के तहत आ गये हैं। केजेएस कम्पनी हर माह-दो-माह में आसपास के क्षेत्र में ऐसे शिविर लगाती रहती है। लखवार के इस स्वास्थ्य शिविर में कंपनी के चिकित्सक डॉ टीएस बघेल एवं मेट्रो हास्पिटल जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं उनकी पांच सदस्यीय टीम ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। बदलते मौसम की इस ऋतु में बीमारियों की बाढ़ सी आई हुई है। इस मौके पर लगे स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने भरपूर लाभ उठाया।



शिविर में इस बात का ध्यान रखा गया कि मरीजों को दवा का परचा लिख कर देने की बजाय सारी दवाइयाँ शिविर से ही निशुल्क प्रदान की जायें। सुगर,बीपी एवं ईसीजी जांच की व्यवस्था भी शिविर में कराई गई। प्रत्येक मरीज को सेव फल एवं बिस्कुट का पैकेट भी दवाओं के साथ दिया गया। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में वार्ड नं 23 की पार्षद श्रीमती रितु कोल,लखवार शासकीय स्कूल की प्रधान अध्यापिका श्रीमती सीमा तिवारी,महेंद्र विश्वकर्मा,अनिल तिवारी,स्थानीय समाजसेवी विजय पटेल, केजेएस के एचआर महाप्रबंधक जेके झा,मनीष सिंह मोनू, विजय सोनी,सिक्योरिटी आफीसर अजयकांत त्रिपाठी एवं जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### ऐतिहासिक व्यंकटेश मंदिर परिसर में आपत्तिजनक वीडियो वायरल, हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश

**सतना।** शहर के मुख्तियारगंज स्थित ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र व्यंकटेश लोक मंदिर परिसर से एक बेहद आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश फैल गया है।धार्मिक स्थल की पवित्रता और मर्यादा को ठेस पहुंचने से नाराज विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और स्थानीय निवासियों ने इस मामले में कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। धार्मिक स्थल की गरिमा को बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों और विहिप ने प्रशासन से तुरंत कड़े कदम उठाने की मांग की है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पूरे परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। धार्मिक आस्था का मजाक बनाने वाले और वीडियो बनाने वाले आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। इस घटना के बाद अब स्थानीय पुलिस और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है,ताकि भविष्य में आस्था के ऐसे पवित्र केंद्रों पर इस तरह की अभद्रता दोबारा न हो सके।



**खबर संक्षेप**

### हर घर दस्तक, हर बच्चे की पहचान, समय पर उपचार स्वस्थ बचपन हमारा अभियान

**पन्ना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर से दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवाएं ओआरएस जिंक आयरन एवं विटामिन-ए के माध्यम से बच्चों को मिलेगी सुरक्षाशिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने तथा बच्चों को दस्त एनीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दस्तक अभियान एवं सघन दस्त नियंत्रण (स्टॉप डायरिया) अभियान का शुभारंभ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर द्वारा वार्ड क्रमांक-6 स्थित आदिवासी मोहल्ला से किया गया अभियान का शुभारंभ मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने कियाइस अवसर पर डॉ. जैन ने बताया कि 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयास से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बीमारी की समय पर पहचान कर उनका शीघ्र उपचार सुनिश्चित करना तथा बाल मृत्यु दर में कमी लाना हैउन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगाडॉ. जैन ने बताया कि इस अभियान के साथ सघन दस्त नियंत्रण (स्टॉप डायरिया) अभियान भी संचालित किया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक दस्त से प्रभावित बच्चे को ओआरएस एवं जिंक की गोलियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं जहां परिजनों को ओआरएस घोल बनाने की सही विधि उसके उपयोग तथा दस्त से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही हैउन्होंने बताया कि इस वर्ष दस्तक अभियान के अंतर्गत चार प्रमुख सेवाओं पर विशेष रूप से कार्य किया जाएगा प्रथम दस्त से प्रभावित बच्चों को ओआरएस एवं जिंक का वितरण एवं उसके सही उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी द्वितीय एनीमिया की रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए पात्र बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप उपलब्ध कराया जाएगाbतृतीय डीएसएस (DSS) ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर बीमार बच्चों की पहचान कर उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि की जाएगी तथा प्रत्येक चिन्हित बच्चे का समयबद्ध उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा चतुर्थ 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी पात्र बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और कुपोषण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम हो सकेडॉ. जैन ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जब भी आशा, एएनएम अथवा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आपके घर आएं तो उनका पूरा सहयोग करें तथा अपने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं यदि बच्चे को दस्त, बुखार सांस लेने में तकलीफ कमजोरी या अन्य किसी बीमारी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें ।

### अस्पताल का सेप्टिक टैंक भरा, मरीज परेशान

**अमानगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज की व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल परिसर स्थित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) शाखा का सेप्टिक टैंक भर जाने से भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी बन गई कि खंड चिकित्सा अधिकारी को स्वयं नगर परिषद से सेप्टिक टैंक खाली कराने के लिए पत्र लिखना पड़ा।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयपाल अहिरवार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद अमानगंज को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि सेप्टिक टैंक पूरी तरह भर जाने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों को असुविधा हो रही है। पत्र में नगर परिषद से तत्काल टैंक खाली कराने का अनुरोध किया गया है ताकि अस्पताल की व्यवस्था सामान्य हो सके।यह मामला केवल एक सेप्टिक टैंक का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की मूलभूत व्यवस्थाओं का भी है।

# ऐतिहासिक होने जा रहा श्री जुगल किशोर सरकार धाम का महोत्सव

**श्रीमद्भागवत एवं श्रीभक्तमाल कथा की तैयारियां अंतिम चरण में, पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया— हजारों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए पार्किंग, ई-रिक्शा, एलईडी, प्रसाद, सुरक्षा और सेवा व्यवस्था को दिया गया अंतिम रूप**

पन्ना।





पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पन्ना की धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान श्री जुगल किशोर सरकार धाम (किशोर जी मंदिर) में 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे श्रीमद्भागवत कथा, श्रीभक्तमाल कथा एवं गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा के साथ जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जा रहा है।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष कथा का आयोजन ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। पन्ना सहित संपूर्ण बुंदेलखंड, मध्यप्रदेश तथा अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पूज्य स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा एवं महंत स्वामी किशोर दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीभक्तमाल कथा का आयोजन होगा, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक यातायात एवं पार्किंग योजना तैयार की गई है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए महेंद्र भवन परिसर, पुरानी कचहरी, जगदीश स्वामी टाउन हॉल, जिला पंचायत कार्यालय सहित अन्य स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं अस्वस्थ श्रद्धालुओं को ई-रिक्शा के माध्यम से कथा स्थल तक पहुंचाया जाएगा।उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहनों की पार्किंग लवकुश वाटिका एवं उसके सामने स्थित डायमंड पब्लिक स्कूल परिसर में की गई है। सभी पार्किंग स्थलों पर स्वयंसेवकों की तैनाती रहेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कथा का सीधा प्रसारण मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा, वही विभिन्न सोशल मीडिया एवं न्यूज़ चैनल सहित अन्य माध्यमों से लाइव प्रसारण किया जाएगा साथ ही नगर में लगे स्पीकर के माध्यम से भी कथा जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है।ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही पूरे मंदिर परिसर को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महिलाओं, पुरुषों, वरिष्ठ नागरिकों विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था रहेगी।उन्होंने बताया कि श्री जुगल किशोर सरकार के नित्य भोग के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन भोग साहब हेतु प्रसाद संग्रह एवं वितरण के लिए नगर के तीन प्रमुख स्थान निर्धारित किए गए हैं। इनमें बड़ा बाजार मार्ग स्थित साईं मंदिर के समीप, चित्रगुप्त मंदिर के पास तथा रूपसी रेस्टोरेंट के बगल में विशेष प्रसाद केंद्र बनाए गए हैं। यहां श्रद्धालु प्रतिदिन भोग के लिए प्रसाद अर्पित कर सकेंगे। इन केंद्रों पर स्वयंसेवकों की तैनाती रहेगी, जिससे प्रसाद संग्रह एवं वितरण की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आयोजन के दौरान पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, प्रसाद वितरण, आपातकालीन सेवाएं तथा स्वयंसेवकों की अलग-अलग टीमें लगातार सक्रिय रहेंगी। प्रत्येक व्यवस्था का सूक्ष्म स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक तैयारियों का कार्य जारी है। विभिन्न समितियां अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं और नियमित बैठकों के माध्यम से सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है।पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पन्ना को आध्यात्मिक पर्यटन एवं सनातन संस्कृति के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने, स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करने तथा अनुशासन बनाए रखते हुए आयोजन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री जुगल किशोर सरकार की कृपा एवं सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से यह महोत्सव पन्ना के इतिहास का एक अविस्मरणीय और भव्य धार्मिक आयोजन सिद्ध होगा।

## अवैध हथियारों के विरुद्ध पुलिस का सख्त अभियान जारी, गुनौर पुलिस ने निगरानीशुदा बदमाश को देशी कट्टा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

**पन्ना**

मध्य प्रदेशपुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी के मार्गदर्शन में जिले में अपराधियों एवं अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में थाना गुनौर पुलिस द्वारा गश्त एवं अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान एक निगरानीशुदा बदमाश को अवैध देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।दिनांक 14 जुलाई 2026 को थाना गुनौर पुलिस टीम नियमित गश्त, गुंडा निगरानी, होटल-ढाबा चेकिंग एवं अपराधियों की पतारसी हेतु क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान थाना प्रभारी गुनौर उनि बलबीर सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति टिकरिया की ओर से पटना की तरफ अवैध देशी कट्टा लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मुखविर सूचना पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता से पकड़ लिया गया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम खिलाड़ी उर्फ रामखिलावन पिता सुनवा उर्फ सोनेलाल (46 वर्ष), निवासी ग्राम डोभा, थाना गुनौर, जिला पन्ना बताया। तलाशी के दौरान उसकी कमर से एक अवैध देशी कट्टा (.315 बोर) तथा जेब से दो जिंदा .315 बोर के कारतूस बरामद किए गए। आरोपी वैध शस्त्र लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद हथियार एवं कारतूस विधिवत जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया।प्रारंभिक



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने लगभग एक वर्ष पूर्व अमानगंज के साप्ताहिक बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति से उक्त कट्टा एवं कारतूस खरीदे थे तथा हाल ही में हुए आपसी विवाद के चलते स्वयं की सुरक्षा के उद्देश्य से वह हथियार लेकर घूम रहा था।आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी पाया गया है तथा वह थाना गुनौर का निगरानीशुदा बदमाश है।पन्ना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध हथियार रखने, अपराधियों को संरक्षण देने अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।*सराहनीय योगदान-* उक्त कार्य़्वाही मे थाना प्रभारी गुनौर उनि बलबीर सिंह, प्र.आर. प्रआऱ मुकेश शर्मा, चालक प्रआऱ मुन्नालाल कोल , आऱ नीलेश, श्यामसुदंर, गौरव सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सुनवानी थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन से 95 पेटी अवैध शराब जप्त

**855 लीटर अवैध शराब एवं पिकअप वाहन सहित लगभग 15.30 लाख का मशरूका जप्त**

**पन्ना,** मध्यप्रदेशपुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुनवानी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।दिनांक 14-15 जुलाई 2026 की दरम्यानी रात्रि में थाना प्रभारी सुनवानी निरीक्षक हरवचन सिंह कुडापे को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि किशनगढ़ रोड से अमानगंज की ओर एक पिकअप वाहन में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान तथा एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई।पुलिस टीम ने किशनगढ़-अमानगंज मुख्य मार्ग स्थित ग्राम उड़ला के पास बिना नंबर प्लेट की एक पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें देशी मदिरा प्लेन की 95 पेटियों में कुल 855 लीटर अवैध



शराब तथा 12 पानी की बोतलों की पेटियां रखी हुई मिलीं।पुलिस द्वारा वाहन से बरामद अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.27 लाख तथा पिकअप वाहन सहित कुल लगभग 15.30 लाख मूल्य का मशरूका विधिवत जप्त किया गया। आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है तथा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।सराहनीय योगदानउक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनवानी निरीक्षक हरवचन सिंह कुडापे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अजेश बेदी, प्रधान आरक्षक सेवकलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र तिवारी, आरक्षक भरतमिलाप, आरक्षक लखन पटेल, आरक्षक अरविंद अहिरवार, आरक्षक प्रभात खरे एवं महिला आरक्षक किरण अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान ने किया अभियान का शुभारंभ, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ,**

**15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिलेभर में रैली, जन जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं संवाद के माध्यम से चलाया जाएगा व्यापक अभियान**



**पन्ना।** मध्य प्रदेशमध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में प्रदेशव्यापी ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ आज 15 जुलाई 2026 से किया गया। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए जनसहभागिता के माध्यम से नशा-मुक्त मध्यप्रदेश एवं नशा-मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पन्ना से अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन पन्ना के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, समाज एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। नशे के विरुद्ध जनजागरूकता ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण का सबसे सशक्त माध्यम है।शपथ ग्रहण के उपरांत पन्ना शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए अभियान से जुड़ने की अपील की।अभियान के प्रथम दिवस जिले के सभी थाना एवं चौकी स्तर पर भी व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीमों द्वारा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, उनके कानूनी परिणाम तथा नशे से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आमजन को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम, जनसंवाद एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।अभियान के दौरान आगामी दिनों में जिलेभर में जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठियां, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में विशेष व्याख्यान, सामुदायिक संवाद, ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा।पन्ना पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों के अवैध कारोबार या नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस और जनता की संयुक्त भागीदारी से ही नशा-मुक्त पन्ना, नशा-मुक्त मध्यप्रदेश और नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य साकार किया जा सकता है।*₹आइए, संकल्प लें—नशे से दूरी अपनाएं, स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं।

# शहर में किराना दुकान में रात्रि के समय चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने सूचना के 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से चोरी गया मशरूका कीमती 60000 मूल्य का जप्त**

**पन्ना**

मध्य प्रदेशपुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस को चोरी के एक मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान में रात्रि के समय चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया लगभग 60000 मूल्य का मशरूका बरामद किया है।दिनांक 14 जुलाई 2026 को फरियादी नरेन्द्र गुप्ता, निवासी कटरा मोहल्ला, पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उन्होंने दिनांक 13 जुलाई 2026 को रात्रि लगभग 9:00 बजे अपनी दुकान ₹नेहा प्रोविजन₹ बंद कर शटर में ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन प्रातः लगभग 6:00 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर में लगे ताले टूटे हुए थे।



शटर खोलकर निरीक्षण करने पर दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। सामान का मिलान करने पर एक बोरी राजश्री गुटखा, विभिन्न कंपनियों की सिगरेट के पैकेट, कुछ कूपन तथा काउंटर में रखी लगभग 1,000 की नगदी गायब मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में ताले तोड़कर दुकान में प्रवेश कर लगभग 60,000 मूल्य का सामान चोरी कर लिया गया था।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 523/2026 अंतर्गत धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।पुलिस की कार्वाईउक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वन्दना सिंह चौहान एवं एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। साथ ही तकनीकी सहयोग हेतु साइबर सेल पन्ना की टीम को भी लगाया गया।घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया, जिसमें संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां सामने आईं। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी रमजान खान उर्फ सोहेल, पिता शेखचांद खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी पहाड़कोठी, थाना कोतवाली, जिला पन्ना को गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी गया मशरूका, जिसमें राजश्री गुटखा, विभिन्न कंपनियों की सिगरेट, कूपन एवं नगदी सहित कुल 60000 मूल्य का सामान विधिवत बरामद एवं जप्त किया गया।गिरफ्तार आरोपी-रमजान खान उर्फ सोहेलपिता शेखचांद खानउम्र 21 वर्ष निवासी – पहाड़कोठी, थाना कोतवाली, जिला पन्ना (म.प्र.)सराहनीय योगदान- उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष कश्यप, बृषकेतु रावत, संदीप तिवारी, संदीप पटेल, महिला आरक्षक सुधीर अरजरिया तथा सायबर सेल पन्ना की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0': शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, पन्ना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** जिले में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' नशामुक्ति जनजागृति अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने नशे की सटीक और गंभीर परिभाषा देते हुए कहा कि ₹जिसके बिना व्यक्ति रह न सके, वही नशा है।₹ उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खोखला करता है, बल्कि यह परिवार के लिए आर्थिक और सामाजिक अभिशाप है। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, ₹प्रत्येक व्यक्ति उच्च अधिकारी या नेता नहीं बन सकता, किन्तु जीवन में कभी नशा न करके, वह बिना किसी धन-संपत्ति के भी समाज में एक 'नशामुक्त' होने की सबसे बड़ी उपाधि प्राप्त कर सकता है।₹ आज से 20 -25 वर्ष में हम सभी वर्ग के विद्यार्थी ही इस समाज में कहीं व्यापार कहीं प्रशासन कहीं संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे उसमें हम सुनिश्चित करेंगे कि स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और नशे से संबंधित व्यापार को भी बढ़ावा नहीं देंगे।कार्यक्रम में अन्य वक्तश्री नरेन्द्र पाण्डेय (सहायक प्राध्यापक) ने छात्रों से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने का आह्वान किया।श्री सुशील कुमार चौरसिया (ग्रन्थपाल) ने ज्ञान और पुस्तकों को नशे का सबसे अच्छा विकल्प बताया तथा मोबाइल इत्यादि से भी दूर रहने की उचित सलाह दी।डॉ. रामनरेश द्विवेदी ने नशे के कारण होने वाली शारीरिक व मानसिक बीमारियों के प्रति छात्रों को सचेत किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिग्राम मिश्र द्वारा किया गया, जिन्होंने अत्यंत प्रेरणादायक शब्दों में नशामुक्ति के संदेश को प्रसारित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों

खबर संक्षेप

### अमृत हरित महाभियान-बड़ा मलहरा के कचरा प्रसंस्करण केन्द्र में सैकड़ों पौधों का हुआ रोपण



**बड़ा मलहरा।** अमृत हरित महाभियान के अंतर्गत नगर पंचायत बड़ा मलहरा द्वारा नवनिर्मित कचरा प्रसंस्करण केन्द्र परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निशा राजा बुंदेला, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षय गर्ग, पार्षदगण, नगरीय कार्यालयों के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में आम, अमरूद, जामुन, पीपल, बरगद, मुनगा सहित फलदार एवं छायादार प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि कचरा प्रसंस्करण केन्द्र से वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करने का उद्देश्य इस क्षेत्र को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। पौधारोपण से जहां क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी वहीं भविष्य में यह परिसर स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु तथा हरित आवरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अमृत हरित महाभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।नगर पंचायत की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम छिरावल में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गोद ग्राम-छिरावल में व्यापक नशा मुक्ति जन-जागरूकता रैली 2.0 का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर से कुलगुरू महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापकगण, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जागरूकता रैली गोद ग्राम-छिरावल के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा मुक्त भारत - स्वस्थ भारत, युवा जागे, देश आगे बढ़े तथा नशे से दूरी, जीवन में खुशहाली जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का संदेश दिया गया।

# 351 वर्ष प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से आज निकलेगी भव्य रथयात्रा, 9 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**छतरपुर। श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ स्वामी जू मंदिर नवनिर्माण समिति एवं रथयात्रा समिति के तत्वावधान में 16 जुलाई से 24 जुलाई तक 9 दिवसीय भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 351 वर्ष प्राचीन सनातन कालीन श्री जगन्नाथ मंदिर, तमराही मोहल्ला से गुरुवार 16 जुलाई को सायं 5 बजे वैदिक पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी।**

यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी तहसील पहुंचेगी, जहां भगवान 17 से 19 जुलाई तक विश्राम करेंगे।पुजारी परिवार के अखिलेश पौराणिक ने बताया कि इस वर्ष की रथयात्रा को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए मंदिर निर्माण समिति, लाल कड़क्का रामलीला समिति और तमराही मोहल्ला रथयात्रा समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। आकर्षक धार्मिक झांकियां सजाई जा रही हैं। महिला मंडलों को भी आमंत्रित किया गया है। रथयात्रा के अग्रभाग में लाल कड़क्का रामलीला समिति द्वारा तैयार भगवान हनुमान का भव्य स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहेगा। यात्रा में वाद्य यंत्र, बैण्ड और डीजे भी शामिल होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने तथा मंदिर के चल रहे नवनिर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की।समिति के विशाल ताम्रकार ने बताया कि पुरानी तहसील में भगवान के विश्राम के दौरान सुंदरकांड पाठ, धार्मिक नृत्य एवं भव्य खाटूश्याम भजन संध्या जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 20 जुलाई को जानकी जी की पालकी भगवान को लिवाने पहुंचेगी और रथयात्रा गोवर्धन टाकीज स्थित केंड्या जी मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान दो दिन विश्राम करेंगे। 22 जुलाई को रथयात्रा पुनः मुख्य मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।



## प्राचीन कुण्ड का हुआ जीर्णोद्धार, तालाब के घाटों पर हुआ पौधरोपण



**बारीगढ़।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में नगर परिषद बारीगढ़ द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न विकास एवं पर्यावरण संरक्षण कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-1 स्थित तालाब में गहरीकरण, घाट निर्माण तथा वृक्षारोपण का कार्य कराया गया। वहीं वार्ड क्रमांक-11 स्थित आदि कुमारी माता मंदिर के पास बने प्राचीन कुंड की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार भी कराया गया। इसके साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के पार्कों में व्यापक स्तर पर पौधरोपण का कार्य लगातार जारी है।अभियान के दौरान जल संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की सहभागिता भी रही। इस अवसर पर सीएमओ अजय अग्निहोत्री, उपयंत्री धीरेन्द्र तोमर, नगर परिषद का स्टाफ, पार्षदगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

## 6 साल बाद भी संतान सुख नहीं मिलने से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ढडारी में एक विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रोशनी तिवारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



परिजनों के अनुसार, रोशनी तिवारी का विवाह वर्ष 2019 में अरविंद तिवारी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के छह वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था, जिससे वह लंबे समय से मानसिक तनाव और चिंता में रहती थीं। मृतका की बहन मुन्नी तिवारी ने बताया कि दोनों बहनों की शादी एक ही परिवार में हुई थी और संतान नहीं होने के कारण रोशनी अक्सर परेशान रहती थीं। परिवार ने उनका कई बार चिकित्सकीय उपचार भी कराया, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। पति अरविंद तिवारी ने बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं थे और रोशनी अकेली थीं।

दोपहर करीब 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि रोशनी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और रोशनी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## शराब और मुर्गे के लिए पैसे नहीं दिए तो अधेड़ पर जानलेवा हमला



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित देरी रोड की बीड़ी कॉलोनी में शराब और मुर्गा खाने के लिए पैसे नहीं देने पर 65 वर्षीय अधेड़ पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल की पहचान बन्दू अनुरागी (65), पिता स्वर्गीय दास अनुरागी, के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 11:30 बजे बन्दू अनुरागी दुकान पर सामान लेने गए थे। इसी दौरान अमित अनुरागी और विशाल अनुरागी ने उनसे शराब और मुर्गा खाने के लिए पैसे की मांग की। आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों और कट्टे की बट से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि सिर पर भी गहरा वार किया गया।घटना के दौरान शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बकरे की बलि को लेकर दो समुदायों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे चले; एक दर्जन लोग घायल

**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के दौरिया गांव में आषाढ़ पूजा के दौरान बकरे की बलि को लेकर पाल और कुशवाहा समाज के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना उस समय हुई जब परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना के बाद पाल समाज के लोग बकरे की बलि देकर भोजन करने के उपरांत अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हुई मारपीट में बदल गई। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पाल



समाज की ओर से रविंद्र पाल, कृपाराम पाल, बृजकिशोर पाल, जय हिंद पाल, ज्ञाचंद्र, महेश और गिरजा पाल घायल हुए हैं। वहीं कुशवाहा समाज की ओर से बलराम कुशवाहा, करण, बछीराम, सूजी, कमांडो तथा एक महिला को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि इस वर्ष पूजा आयोजन में कुशवाहा समाज को शामिल नहीं किए जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हुआ था।

घटना की सूचना मिलते ही नौगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## शिकायत करने से भड़के दबंगों ने महिला और उसकी बेटी पर की फायरिंग

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बगौता हाल निवासी ग्राम ढडारी के पास की रहने वाली आरती राजपूत पत्नी राजेन्द्र राजपूत ने पुलिस महानिदेशक और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी जमीन से वाहन हटवाने की शिकायत करने पर बौखलाए दबंगों ने उन पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आवेदिका ने बताया कि उनकी कृषि भूमि पर पुष्पेन्द्र राजपूत के कार, ट्रैक्टर और कल्टीवेटर जैसे वाहन जबरन खड़े थे, जिसे हटवाने और झूठे मामले में फंसाए जाने की आशंका को लेकर उन्होंने 14 जुलाई 2026 को एसपी को आवेदन दिया था। इस बात की भनक लगते ही उसी शाम करीब 8 बजे पुष्पेन्द्र राजपूत अपने बेटों और 15 अन्य लोगों के साथ तीन चार पहिया वाहनों जिसमें एक गाड़ी का नंबर यूपी 91 05168 है से उनके खेत पर आ धमका।



आरोपियों ने खेत पर मौजूद आवेदिका और उनकी बेटी दिशा राजपूत को जान से मारने की नीयत से उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दोनों ने जुंडी के खेत में छिपकर अपनी जान बचाई और डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को आता देख आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने सिविल लाइन थाने पहुंची, तो वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक मौर्या द्वारा आरोपी पुष्पेन्द्र राजपूत को खुला संरक्षण दिए जाने के कारण उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। आवेदिका ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनकी कीमती जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जिससे उन्हें और उनकी बेटी को जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## 25वीं एनसीसी बटालियन का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी, कैडेट सीख रहे सैन्य कौशल




**नौगांव।** जिले के नौगांव मिलिट्री स्टेशन में 25वीं एनसीसी बटालियन, छतरपुर द्वारा 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सीनियर एवं जूनियर एनसीसी कैडेट भाग लेकर सैन्य अनुशासन और विभिन्न व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

बुधवार को कैडेटों ने प्रातःकालीन पीटी, परेड और योगाभ्यास के बाद विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें सैन्य इतिहास, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, शस्त्र संचालन तथा फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं गर्ल्स कैडेटों के लिए भी फायरिंग अभ्यास आयोजित किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सैन्य दक्षता का विकास हो सके।

अतिथि व्याख्यान के तहत सीएमओ डॉ. रवींद्र पटेल ने कैडेटों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र तिवारी ने मौसमी बीमारियों से बचाव, सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया तथा शुद्ध पानी पीने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया।

शिविर का संचालन 25वीं एनसीसी बटालियन, छतरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन थापा के नेतृत्व तथा प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जोगेंद्र कुमार गांधी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण गतिविधियों के सफल संचालन में एनसीसी अधिकारियों, पीआई स्टाफ एवं सूबेदार मेजर राकेश कुमार शर्मा सहित समस्त स्टाफ सक्रिय भूमिका निभा रहा है। शिविर का उद्देश्य कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सैन्य कौशल और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना है।

## ग्राम कुर्राहा में गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने ग्राम कुर्राहा से एक आरोपी को 428 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कुर्राहा में गांजा रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके थैले से 428 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामगोपाल अहिरवार पिता डरुवा अहिरवार, निवासी ग्राम कुर्राहा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना गढ़ीमलहरा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कन्हैयालाल दाहिया, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, हजरत अली तथा आरक्षक श्रीराम, प्रेमचंद सहित पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से की।



## बारिश के दृष्टिगत जल निगम एवं पीएचई विभाग रोड रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करें: कलेक्टर



**छतरपुर। जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, महाप्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम अनमोल कोछड़, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड छतरपुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने लवकुशनगर, बिजावर, कुटने राजनगर, छतरपुर-तरपेड एवं गर्रोली मल्टी विलेज स्कीम की भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी योजनाओं में शेष उच्च स्तरीय टंकियों (ओएचटी) के निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान बिजावर एमवीएस के इंटेकवेल निर्माण कार्य में अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिजावर एमबीआर की भौतिक प्रगति की भी समीक्षा की। कुटने राजनगर एमवीएस की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डेम में संभावित जलभराव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त तकनीकी समाधान अपनाकर इंटेकवेल एवं अप्रोच रोड का कार्य समय पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को देखते हुए पाइपलाइन कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का रोड रेस्टोरेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा शिकायतों की स्थिति निर्मित न हो।

कलेक्टर ने छतरपुर-तरपेड एमवीएस में भी अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही छतरपुर-तरपेड, गर्रोली एवं कुटने राजनगर योजनाओं के अंतर्गत लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की एकल ग्राम योजनाओं की विकासखंडवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने लवकुशनगर एवं गौरीहार विकासखंड के शेष ग्रामों में एफएचटीसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल की रिपोर्टिंग एवं प्रमाणीकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, एकल ग्राम योजनाओं में लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्यों को अतिरिक्त श्रमिक लगाकर शीघ्र पूर्ण करने तथा पीएम गति शक्ति पोर्टल पर पाइपलाइन नेटवर्क की प्रविष्टि समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बक्सवाहा समूह जल प्रदाय योजना में जल कर वसूली की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत बक्सवाहा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# आयुष्मान कार्ड विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य रक्षा योजना

## रीवा में पीआईबी का मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम संपन्न

**रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो भोपाल द्वारा होटल राजविलास में आयोजित पत्रकारों से संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। गरीबों के कल्याण की योजनाओं तथा विकास कार्यों को आमजनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक विकसित और स्वस्थ भारत का सपना साकार करने के लिए आयुष्मान भारत योजना लागू की है।**

इस योजना से देश के 60 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को एक साल में पाँच लाख रुपए तक की निःशुल्क उपचार सहायता मिल रही है। आयुष्मान भारत योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य रक्षा योजना है। इस योजना ने गरीब रोगियों के लिए बड़े और महंगे अस्पतालों के दरवाजे खोल दिए हैं। इस योजना से निजी क्षेत्र में अस्पतालों का तेजी से विकास हुआ है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 जुलाई से भोपाल से रीवा होते हुए कोलकाता की फ्लाइट शुरू होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों रोगियों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से प्राप्त हो रही हैं। प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जा रही है। इससे प्राप्त पंजीयन नम्बर अस्पताल में दर्ज कराते ही रोगी की मेडिकल हिस्ट्री ज्ञात हो जाएगी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना से हर महीने की 9 और 25 तारीख को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच करके दवाएं दी जा रही हैं। इससे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयास सफल हो रहे हैं। जल जीवन मिशन से जब हर घर में स्वच्छ पानी पहुंच जाएगा तब स्वास्थ्य समस्याएं आधी हो जाएंगी। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि मनरेगा योजना की कठिनाईयों को दूर करके वीबी जीराम जी योजना एक जुलाई से लागू की गई है। इस योजना से गांव का समग्र विकास होगा। योजना में प्रत्येक ग्राम पंचायत की ग्रेडिंग करके उसकी आवश्यकता के अनुसार कार्ययोजना बनाकर अधोसंरचना विकास और रोजगार सृजन के कार्य किए जाएंगे। योजना में सतत मानीटरिंग और पारदर्शिता पर जोर दिया गया है। इस योजना के माध्यम से हर गांव और हर खेत में जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भता के प्रयास सफल हो रहे हैं। समारोह में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र डेहरिया ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मीडिया सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र का संचालन पीआईबी की रीवा इकाई के सहायक प्रचार अधिकारी मुकेश मण्डल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में पत्रकारण शामिल हुए।




**रेडक्रास की आधुनिक कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट का किया लोकार्पण** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भारतीय रेडक्रास समिति में आधुनिक कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने ब्लड सेपरेशन यूनिट का लोकार्पण करने के साथ तीन दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रेडक्रास समिति ने सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके रीवा का नाम रोशन किया है। समिति में कृत्रिम अंग निर्माण की आधुनिकतम उपकरणों से सज्जित कम्प्यूटराइज्ड यूनिट का शुभारंभ किया गया है। इससे अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को सटीक माप के कृत्रिम अंग प्राप्त होंगे। इस यूनिट से रीवा संभाग ही नहीं सागर संभाग, जबलपुर संभाग तथा पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के समीपवर्ती जिलों के दिव्यांगों को भी कृत्रिम अंग की सुविधा मिलेगी। जिस कार्य के लिए दिव्यांगों दिल्ली, मुम्बई, जयपुर जैसे शहरों को जाना पड़ता था वह सुविधा अब रीवा शहर में उपलब्ध हो गई है। दिव्यांगों के कल्याण के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में कृत्रिम अंग बनाने वाले इंजीनियर गौरव गुप्ता, सहायक गौरव सिंह तथा सुरेन्द्र बढ़ई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक अंग निर्माण यूनिट से रीवा कृत्रिम अंग निर्माण का केन्द्र बनेगा। रेडक्रास समिति ने गरीबों और पीड़ितों की सेवा में सदैव उत्कृष्ट कार्य किया है। कोरोना के संकटकाल में समिति के सदस्यों ने समाजसेवियों के साथ मिलकर जान हथेली में रखकर गरीबों को घर-घर जाकर निःशुल्क अनाज का वितरण किया था। समिति में ब्लड सेपरेशन यूनिट का भी लोकार्पण किया गया है। इस सुविधा से एक यूनिट रक्त का उपयोग तीन रोगियों की जान बचाने में किया जा सकता है। समारोह में रेडक्रास समिति के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि समिति पीड़ितों की सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उप मुख्यमंत्री जी के विशेष सहयोग से समिति को आधुनिक भवन, कृत्रिम अंग बनाने की यूनिट तथा अन्य सुविधाएं मिली हैं।

---

### खबर संक्षेप

## बाल विवाह रोकें पर शादी की न्यूनतम आयु सीमा में बढ़ोतरी करने से बाज आए सरकार : अजय खरे

**रीवा** बाजारवाद की साजिश को बेनकाब करना होगा दहेज कुप्रथा के चलते लाखों युवतियां हैं आजीवन कुंवारी रीवा 15 । समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि भारत के वर्तमान दौर में विवाह की न्यूनतम आयु सीमा में बढ़ोतरी की बात विवाह के नैसर्गिक अधिकार का हनन है। सरकार को बाल विवाह रोकना है, विवाह नहीं। लड़कियों को 18 वर्ष और लड़कों को 21 वर्ष पूरा होने पर अपने भविष्य को देखते हुए यह तय करना है कि उन्हें शादी कब करना है। विवाह अधिकार है लेकिन किसी पर अनिवार्यता या बाध्यता नहीं है। ऐसी स्थिति में लड़कियों के विवाह की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष में बदलाव करना कदापि उचित नहीं है। विवाह की न्यूनतम उम्र निर्धारित करने का मकसद बाल विवाह पर रोक लगाना है। न्यूनतम आयु से कम उम्र की शादी वैधानिक रूप से मान्य नहीं बल्कि दण्डनीय भी है। दुनिया के विभिन्न देशों में विवाह की न्यूनतम आयु सीमा को लेकर कानून बनाए गए हैं लेकिन अभी तक किसी भी देश ने लड़कियों के विवाह की न्यूनतम आयु सीमा को बढ़ाकर 21 वर्ष नहीं किया है। श्री खरे ने कहा कि भारत में, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम कानूनी उम्र 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष है। अब इसे और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। जबकि मोदी सरकार के द्वारा शादी की न्यूनतम आयु सीमा को बढ़ाने के लिए तैयारी कर रखी है। श्री खरे ने कहा कि पुराने समय में ऋतु काल के पहले गौरी दान की परम्परा थी लेकिन बदलते परिवेश में यह स्वीकार नहीं है। बाल विवाह को हर हालत में निषिद्ध किया जाना चाहिए। समाज और सरकार को इस बात पर नजर रखनी होगी कि गरीब घरों की लड़कियों की आर्थिक मजबूरियों के चलते उनका भविष्य चौपट नहीं हो।बाजारवाद की साजिश को भी बेनकाब करना होगा।महिलाओं की विवाह की न्यूनतम आयु 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करने संबंधी बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 (परोहीबीशन ऑफ़ चाइल्ड मैरिज अमेन्दमेन्ट बिल ) को दिसंबर 2021 में संसद पटल में पेश किया गया था। फिर इसे जांच के लिए संसदीय स्थायी समिति के पास भेज दिया गया। तत्समय नारी चेतना मच ने मोदी सरकार को लिखा कि वह बाल विवाह की रोकथाम करें लेकिन लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष को बढ़ाया जाना उचित नहीं होगा। जबकि प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से मोदी सरकार सभी धर्मों और वर्गों के लिए महिलाओं की विवाह की न्यूनतम आयु को पुरुषों के समान (21 वर्ष) करना चाहती है। इस संबंध में श्री खरे ने बताया कि दुनिया के तमाम देशों में शादी की औसत उम्र में बढ़ावा देखने को मिल रहा है लेकिन इन सभी देशों ने अपने यहां शादी की न्यूनतम आयु सीमा में बदलाव नहीं किया है। स्वीडन में लड़कियों की शादी की औसत आयु 34.8 वर्ष और जर्मनी में 32.9 वर्ष है जबकि वहां शादी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष ही है। शादी को एक प्राकृतिक अधिकार माना गया है। विवाह की न्यूनतम उम्र सीमा पार करने के बाद लड़के और लड़कियों को यह तय करना है कि उन्हें शादी कब करना है। लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में बाल विवाह कुप्रथा का प्रभाव देखने को मिलता है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम है फिर भी उस पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। दहेज जैसी कुप्रथा को रोकने में सरकार बुरी तरह असमर्थ नज़र आ रही है। दहेज कुप्रथा के चलते लाखों युवतियां आजीवन कुंवारी हैं। बड़े घरानों की शादियों में जबरदस्त फिजूलखर्ची है लेकिन इसे रोकने में सरकार असमर्थ है। श्री खरे ने कहा कि लड़कियों के विवाह की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष में वृद्धि का प्रस्ताव किसी भी दृष्टि से युक्तिसंगत नज़र नहीं आ रहा है। 18 वर्ष की आयु शारीरिक और मानसिक रूप से लड़कियों को परिपक्व दर्शाती है। सन 1989 में संविधान के 61 वें संशोधन के जरिए बालिग मताधिकार की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई जो 28 मार्च 1989 को लागू हुआ।

---

### पुलिस ने निकाली विशाल जागरूकता रैली 15 से 30 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का आगाज़

### स्कूल-कॉलेजों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम






**रीवा।** प्रदेश में युवाओं और समाज को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 विशेष जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत बुधवार को रीवा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के नेतृत्व में शहर में विशाल जन-जागरूकता रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से नागरिकों, विशेषकर युवाओं और किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। रैली का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से हुआ। इसके बाद पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च किया। रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), शहर के थाना प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। पूरे मार्ग में पुलिस अधिकारियों ने आमजन को नशे से होने वाले सामाजिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी तथा युवाओं को इससे दूर रहने की अपील की। रैली के दौरान समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। कलाकारों ने बताया कि किस प्रकार नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश भी दिया गया कि यदि कहीं अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी अथवा सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने कहा कि नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से किशोरों और युवाओं को अवैध मादक पदार्थों के सेवन से दूर रखना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज पर भी गंभीर दुष्प्रभाव छोड़ता है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। पुलिस ने बताया कि यह अभियान 30 जुलाई तक लगातार चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा विभिन्न संस्थानों में जन-जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, संगोष्ठियां और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे।

---



## रीवा व्यापारी महासंघ ने नवागत कमिश्नर शिलेन्द्र सिंह का किया स्वागत, व्यापारिक व सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**रीवा।** रीवा संभाग के नवागत कमिश्नर शिलेन्द्र सिंह से रीवा व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों ने कमिश्नर कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान शहर की व्यापारिक, राजस्व एवं सामाजिक व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कमिश्नर ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।व्यापारी महासंघ के संस्थापक सदस्य संजीव गुप्ता के नेतृत्व एवं मोहित गुप्ता के सौजन्य से आयोजित इस मुलाकात में महासंघ के पदाधिकारियों ने नवागत कमिश्नर का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिलेन्द्र सिंह एक कुशल एवं अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनके नेतृत्व में न केवल राजस्व विभाग बल्कि संभाग के अन्य विभागों में भी आम नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं मिलने की उम्मीद है।बैठक के दौरान रीवा जिले में भूमि संबंधी अनियमितताओं और अवैध कारोबार के मुद्दे भी उठाए गए। महासंघ के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि कमिश्नर के नेतृत्व में ऐसे मामलों पर प्रभावी कार्रवाई होगी और आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।व्यापारी महासंघ के सदस्य मोहित गुप्ता ने कहा कि कमिश्नर शिलेन्द्र सिंह सरल, सहज और जनसुनवाई के प्रति संवेदनशील अधिकारी हैं, जिससे आम जनता और व्यापारियों को बेहतर प्रशासनिक सहयोग मिलने की अपेक्षा है।

---

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण आयोजित, विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में असाक्षरों को बनायेंगे साक्षर -राजेश तिवारी

**रीवा ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के ऐसे वयस्कों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके या शिक्षा की निर्धारित आयु पार कर चुके हैं, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में जन शिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डी पी सी राजेश तिवारी के निर्देशन मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महसाव रीवा के प्राचार्य राजकुमार सिंह के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्या महसाव मे जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी संस्था प्रमुखों तथा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक असाक्षर वयस्क की पहचान कर उन्हें मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से जोड़ना तथा नियमित साक्षरता कक्षाओं के माध्यम से शिक्षित करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें पठन-लेखन, मूलभूत संख्यात्मक ज्ञान, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, परिवार कल्याण, बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा, आपदा प्रबंधन तथा व्यावसायिक कौशल जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों को भी शामिल किए जाने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जन शिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी एवं विशाल शुक्ला ने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रत्येक असाक्षर व्यक्ति का सर्वेक्षण करने, नियमित अध्ययन केंद्र संचालित करने तथा विद्यार्थियों के योगदान से उनको प्रोजेक्ट वर्क के माध्यम से साक्षरता अभियान से जोड़ने के चर्चा की गईं ।

---

## नोबल अकादमी इटौरा में एमपी टॉप-10 में स्थान पाने वाले छात्रों को मिला सम्मान

**रीवा।** कहते हैं काबिलियत वो ताकत है जो बिना शोर मचाए दुनिया में पहचान बना देती है। इसी का जीता जागता उदाहरण पेश किया है नोबल अकादमी स्कूल,इटौरा के छात्रों ने। विद्यालय परिसर में शिवलाल एण्ड अग्रवाल कम्पनी के सहयोग से शिवलाल प्रतिभा समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल परीक्षा में मध्यप्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करना था। जिसमें इन प्रतिभावान छात्रों को विधिवत 5100 रूपए व 1100 रूपए की राशि के साथ पुरस्कृत किया गया।

सम्मान समारोह में शिक्षा,समाज और मीडिया जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र पाण्डेय रहे। इसके अलावा विद्यालय के संचालक बी.डी. मिश्रा (फिजिक्स हाउस), प्राचार्य एस.के. मिश्रा, प्रबंधक ए.एस. तिवारी सहित वरिष्ठ शिक्षकगण ओ.पी. शर्मा,विपिन शुक्ला,नवीन चतुर्वेदी,अर्चना तिवारी,कुसुम मिश्रा,नीतू मिश्रा समेत विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रद्धा मिश्रा तथा आठवां स्थान हासिल करने वाले छात्र श्रीराम मिश्रा अपने अभिभावकों के साथ समारोह में शामिल हुए। शिवलाल कंपनी की ओर से परमवीर सिंह एवं त्यागी जी ने अपनी टीम के साथ सभी अतिथियों,विद्यालय प्रबंधन,शिक्षकों,मेधावी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। कंपनी के प्रतिनिधि परमवीर सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि कम समय में ही नोबल अकादमी ने शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस दौरान श्रद्धा मिश्रा को 5100 रुपए एवं श्रीराम मिश्रा को 1100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। बतौर मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र पाण्डेय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों से कहा कि सफलता के पीछे भागने के बजाय स्वयं को काबिल बनाना चाहिए,क्योंकि सफलता खुद आपके पीछे आती है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि सही दिशा में मेहनत और काबिलियत के बलबूते पर कोई भी व्यक्ति कहीं भी अपना परचम लहरा सकता है। विद्यालय के संचालक बीडी मिश्रा ने शिवलाल ग्रुप का आभार व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय छात्रों की मेहनत,अभिभावकों के सहयोग,शिक्षकों के समर्पण,प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं प्रबंधन के प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें,तो भविष्य में और भी बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया।



---

## दिव्यांग की समस्या का कलेक्टर ने तत्काल किया निराकरण, दिलवाई ट्राई साइकिल



**मऊगंज।** जनसुनवाई में ग्राम शिवराजपुर निवासी पैर से दिव्यांग वीरेंद्र कुमार शर्मा, पिता श्री श्याम सुंदर शर्मा, अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि शारीरिक दिव्यांगता के कारण उन्हें आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दैनिक जीवन के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दिव्यांग की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में मौके पर ही वीरेंद्र कुमार शर्मा को ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी गई।

ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर वीरेंद्र कुमार शर्मा ने कलेक्टर श्री जैन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके आवागमन में काफी सुविधा होगी। जनसुनवाई में उपस्थित अन्य नागरिकों ने भी जिला प्रशासन की त्वरित, संवेदनशील एवं जनहितैषी कार्यप्रणाली की सराहना की।

---

## पीएम श्री हाई फुलहा स्कूल की सुरक्षा बांस की टटिया के भरोसे, करोड़ों की योजनाओं के बीच बदहाल व्यवस्था

**मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल फूल्हा में सरकारी व्यवस्थाओं की तस्वीर सवालों के घेरे में नजर आती है। विद्यालय की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) के अभाव में पूरे परिसर की घेराबंदी बांस की टटिया से की गई है, जो सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करती है।**

एक ओर सरकार पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर इस विद्यालय में पक्की बाउंड्री वॉल तक उपलब्ध नहीं है। बांस की अस्थायी टटिया न केवल विद्यालय की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि परिसर में आवारा पशुओं और बाहरी लोगों के प्रवेश की आशंका भी बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब विद्यालय को पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है, तब उसकी मूलभूत आवश्यकताओं, विशेषकर सुरक्षित चारदीवारी, का निर्माण प्राथमिकता से होना चाहिए। विद्यार्थियों की सुरक्षा और विद्यालय की गरिमा को देखते हुए संबंधित विभाग को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए। यह दृश्य सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को भी सामने लाता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विद्यालय में शीघ्र पक्की बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

